# भारतीय जनता पार्टी

## (केंद्रीय कार्यालय)

6A, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

02 सितंबर 2023, शनिवार

## केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह द्वारा रायपुर, छत्तीसगढ़ में राज्य की कांग्रेस सरकार के खिलाफ आरोप पत्र जारी करते हुए दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिंदु

**2024 के लोक सभा चुनाव में छत्तीसगढ़ में सभी 11 लोक सभा सीटों पर कमल खिलेगा और आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार एनडीए की मजबूत और निर्णायक सरकार बनेगी। उससे पहले विधान सभा चुनाव में भी छत्तीसगढ़ में भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनेगी।**

******************

**छत्तीसगढ़ की जनता ने तय कर लिया है कि उन्हें हजारों-करोड़ रुपये का घपला-घोटाला करने वाली, गरीबों और आदिवासियों का हक़ मारने वाली, युवाओं को ऑनलाइन जुए की ट्रेनिंग दिलाने वाली और झूठे वादे करने वाली कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार नहीं, विकास के प्रति समर्पित भाजपा सरकार चाहिए।**

******************

**कांग्रेस की न नीति साफ है, न नीयत साफ है और न काम करने का तरीका। पांखडी भूपेश बघेल सरकार सिर्फ दिखावा कर रही है। भूपेश बघेल सरकार ने भ्रष्टाचार का सारा रिकार्ड तोड़ दिया है। छत्तीसगढ़ सबसे कम आबादी वाले राज्यों में है जबकि भ्रष्टाचार एवं महिला उत्पीड़न के आरोपों मे बड़े राज्यों से भी ज्यादा है।**

******************

**भाजपा ने युवाओं के कौशल उन्नयन का काम किया, तो भूपेश बघेल की सरकार ने युवाओं को दुबई भेजकर ऑनलाइन जुए का ट्रेनिंग कराया और करोड़ों रुपये का भ्रष्टाचार किया। मैं छत्तीसगढ़ की जनता से पूछने आया हूं कि वे अपने बच्चों को रोजगार दिलाना चाहते हैं या जुए की लत लगाना चाहते हैं?**

******************

**प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने संसद में कहा था कि विपक्ष के नेता गुड़ का गोबर कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री ने तो गरीबों के गुड़ और गोबर दोनों में घोटाला किया है।**

******************

**2004 से 2014 तक केन्द्र में कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए की सरकार के दौरान 10 वर्षों में छत्तीसगढ़ को टैक्स डिवोल्युशन और ग्रांट इन एड के तहत 77,800 करोड़ रुपये मिले जबकि श्री नरेन्द्र मोदी सरकार के 9 वर्षों में छत्तीसगढ़ को कांग्रेस सरकार की तुलना में चार गुना अधिक लगभग 3,02,429 करोड़ रुपये मिले।**

******************

**भूपेश बघेल जी भाजपा के एक तिहाई काम का भी एक तिहाई काम किया होता तो कुछ बात होती। भूपेश बघेल सरकार ने पांच साल में छत्तीसगढ़ को गांधी परिवार का एटीएम बनाने व गरीबों के पैसे लूटने का काम किया है।**

******************

**छत्तीसगढ़ में ट्रांसफर इंडरस्ट्री सबसे बड़ी इंडस्ट्री बन गई है। भाजपा ने यहां इस्पात इंडस्ट्री, एल्युमिनयम इंडस्ट्री, सीमेंट इंडस्ट्री आदि बनाया तो उन्होंने ट्रांसफर इंडस्ट्री खड़ा कर दिया। इनके यहां पैसा दो और काम करो इनके नाम में ही 'पे' है, 'पे' यानी दो। दो और करो।**

******************

**भूपेश बघेल सरकार ने अपने लोगों को लूट-खसोट करने एवं अत्याचार करने की खूली छूट दे दी। कांग्रेस की सरकार ने प्रदेश में कलेक्टर को भ्रष्टाचार का पैसा कलेक्ट करने का काम दे दिया।**

******************

**मुख्यमंत्री चाटुकारिता में व्यवस्त हैं। उन्हें अपने वादे याद नहीं है, जबकि उन्होंने जनता से 36 बड़े वादे किए थे। उन वादों का क्या हुआ? कोई वादा सही अर्थों में पूरा नहीं किया गया।**

******************

**कांग्रेस ने कर्ज माफ करने का वादा किया था, किन्तु कर्ज माफ नहीं हुआ। बघेल जी ने सिंचाई की क्षमता दोगुनी करने का वादा किया था लेकिन कुछ नहीं किया। बघेल सरकार ने केन्द्र सरकार द्वारा सिंचाई का रकबा बढ़ाने की योजनाओ को लागू होने नहीं दिया।**

******************

**हमारी सरकार ने तेंदु पत्ता संग्राहकों के लिए चरण पादुका और साड़ी वितरण की योजनाएं चालू की थी। भूपेश बघेल की सरकार ने उस योजना को रोक दिया। कांग्रेस सरकार ने पिछले चार सालों से तेंदु पत्ता का बोनस देना भी बंद कर दिया है। भला, उस गरीब आदमी ने आपका क्या बिगाड़ा था?**

******************

**छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार प्रधानमंत्री आवास योजना के 16 लाख आवेदन को रोक कर बैठी है, क्यों? धर्मांतरण जैसे विषयों के कानून को भूपेश बघेल सरकार ने रोक कर रखा है और प्रदेश में खुलेआम दलितों और आदिवासियों का धर्मांतरण हो रहा है। वोट बैंक की लालच में कांग्रेस सरकार धर्मांतरण को नहीं रोक रही।**

******************

**कांग्रेस ने प्रदेश में पूर्ण शराब बंदी का वादा किया था। इसके उलटे भूपेश बघेल की सरकार ने कमीशनखोरी करके 2,161 करोड़ रुपये का घोटाला किया। कांग्रेस की सरकार ने यहां उलटी गंगा बहा दी और हर जगह शराब पहुंचा दिया। सरकार का राजस्व कांग्रेस के भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया।**

******************

**पीडीएस राशन वितरण में 600 करोड़ रुपये की गड़बड़ी हुई है। भूपेश बघेल सरकार ने लगभग 5,000 करोड़ रुपये का चावल घोटाला किया है। खदान से ढुलाई में 2,000 करोड़ रुपये का घोटाला हुआ। वन विभाग के टेंडर में 4,000 करोड़ रुपये का घोटाला किया गया।**

******************

**भूपेश बघेल सरकार ने घोटाला करने मे गोईंठा और गोबर को भी नहीं छोड़ा। 1300 करोड़ रुपये का गोईंठा एवं गोबर घोटाला किया। कांग्रेस की सरकार ने आपूर्तिकर्ता के साथ मिलकर गुड़ और चना का घोटाला किया।**

******************

**कांग्रेस सरकार ने आउटसोर्सिंग को जड़ से खत्म करने का वादा किया था। इसके उलट कांग्रेस की बघेल सरकार ने आउटसोर्सिंग को बढ़ा दिया। कानून व्यवस्था की हालात यह है कि छत्तीसढ़ नशे का गढ़ बन गया है। चिट फंड कंपनी पर कार्रवाई करने से भूपेश बघेल सरकार डर रही है।**

******************

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह ने आज शनिवार को रायपुर, छत्तीसगढ़ में राज्य की भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार के खिलाफ आरोप पत्र जारी किया। कार्यक्रम में प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री अरुण साव, प्रदेश भाजपा प्रभारी श्री ओम माथुर, छत्तीसगढ़ विधान सभा में नेता प्रतिपक्ष श्री नारायण चंदेल, राज्य सभा सांसद सुश्री सरोज पांडेय। सह-प्रभारी श्री नितिन नबीन सहित कई वरिष्ठ पार्टी पदाधिकारी, सांसद एवं विधायक उपस्थित थे। उन्होंने सर्वप्रथम देश के सूर्य मिशन को समर्पित आदित्य एल-1 की सफल लॉन्चिंग पर इसरो और देशवासियों को बधाई दी।

श्री शाह ने कहा कि बीते पांच सालों से छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की घपले, घोटाले और वादाखिलाफी वाली सरकार चल रही है। ऐसी भ्रष्ट और जनता के साथ विश्वासघात करने वाली कांग्रेस सरकार के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी जन जागृति अभियान चला रही है। भूपेश बघेल सरकार की सच्चाई उजागर करने के लिए भारतीय जनता पार्टी ने आज छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार के खिलाफ 'आरोप-पत्र' जारी किया है। छत्तीसगढ़ में 15 सालों तक डॉ रमन सिंह की सरकार रही। श्रद्धेय अटल जी ने जिन सपनों के साथ छत्तीसगढ़ की रचना की थी, उन सपनों को पूरा करने में हमारी रमन सिंह सरकार जुटी रही। 2014 से 2024 तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार में छत्तीसगढ़ को निखारने के लिए बहुत सारे प्रयास हुए लेकिन 2018 में छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार आते ही राज्य में लूट-खसोट, भ्रष्टाचार और घपले-घोटाले शुरू हो गए जिसके कारण छत्तीसढ़ के विकास पर एक सवालिया निशान लग गया। छत्तीसढ़ की जनता ने हमेशा भाजपा को आशीर्वाद दिया है। 2014 में 11 में 10 लोकसभा सीटों पर कमल । **2019 में 11 में से 9 सीटों पर भाजपा विजयी हुई और मुझे पूरा विश्वास है कि 2023 में चुनाव जीतने के बाद 2024 में राज्य की 11 की 11 लोक सभा सीटों पर कमल खिलेगा।** और, **आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में देश में फिर से एक बार एनडीए की मजबूत और निर्णायक सरकार बनेगी। उससे पहले छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की पूर्ण बहुमत की सरकार बनेगी।** एक बार फिर से छत्तीसगढ़ को विकास के राजमार्ग पर चालाया जाएगा जिसे कांग्रेस की सरकार ने घपले-घोटाले और भ्रष्टाचार का एटीएम बनाकर विकास के रास्ते भटका दिया है। **आगामी छत्तीसगढ़ विधान सभा चुनाव छत्तीसगढ़ के सुनहरे भविष्य का चुनाव है।**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **छत्तीसगढ़ की जनता ने तय कर लिया है कि उन्हें हजारों-करोड़ रुपये का घपला-घोटाला करने वाली भूपेश बघेल सरकार नहीं बल्कि विकास करने वाली भारतीय जनता पार्टी की सरकार चाहिए। राज्य की जनता ने तय कर लिया है कि आदिवासियों के अधिकार पर कब्जा करके बैठी और अप्रत्याशित धर्म परिवर्तन का दौर लाने वाली भूपेश बघेल सरकार नहीं बल्कि आदिवासियों का कल्याण एवं विकास सुरक्षित करने वाली भारतीय जनता पार्टी सरकार चाहिए।** छत्तीसगढ़ की जनता ने तय कर लिया है कि पिछड़ा वर्ग कल्याण के नाम पर हजारों करोड़ का घोटाला करने वाली कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार नहीं बल्कि पिछड़ समाज के विकास के लिए श्री नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा सूत्रपात की गई योजनाओं को जमीन पर उतारने वाली भाजपा सरकार चाहिए। **प्रदेश की जनता ने तय कर लिया है कि युवाओं को झूठे वादे देकर कौशल विकास और बेरोजगारी भत्ते का वादा करके युवाओं के कौशल विकास के नाम पर दुबई में जुए की ऑनलाइन ट्रेनिंग कराने वाली महादेव एप वाली भ्रष्टाचारी भूपेश बघेल सरकार नहीं बल्कि युवाओं के लिए आगे विकास का प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराने वाली भाजपा सरकार चाहिए।**

श्री शाह ने कहा कि **भ्रष्टाचार, जातिवाद, परिवारवाद और दिल्ली के दरबार के दरबारी छत्तीसगढ़ का भला नहीं कर सकते। छत्तीसगढ़ का भला केवल और केवल भारतीय जनता पार्टी की सरकार कर सकती है।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार छत्तीसगढ़ को विकास के मार्ग पर आगे ले जा सकती है। **भारतीय जनता पार्टी ने ही छत्तीसगढ़ को बनाया और संवारा है। कांग्रेस की बघेल सरकार ने प्रदेश  में अत्याचार का सीरीज चालू कर दिया है। भ्रष्टाचार का काला कांड किया है। बहनों पर अत्याचार का एक साथ कई घटनाओं का तांता लगाया है।** सीएम भूपेश  बघेल गरीब एवं आदिवासी आम जनता एवं महिलाओं के उत्पीड़न के प्रति उदासीन हैं। छत्तीसगढ़ को केवल और केवल भारतीय जनता पार्टी ही बचा सकती है।

छत्तीसढ़ की जनता के प्रति प्रतिबद्ध भाजपा के कार्यों का जिक्र करते हुए केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि कांग्रेस सरकार राशन वितरण में घपले-घोटाले करती थी। तब हमारे मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह जी ने घर-घर राशन पहुंचाने की व्यवस्था शुरू की। राशन

वितरण में घपले-घोटाले बंद हुए, भ्रष्टाचार पर अंकुश लगा। उन्हें चावल वाले बाबा कहा जाता था। हमने चावल को, अनाज को गरीब के झोपड़ी में पहुंचाने का काम किया। देश में जब कोरोना संक्रमण आया तब प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 80 करोड़ गरीबों को पांच किलो मुफ्त अनाज दिया। वहीं सीएम भूपेश बघेल ने गरीबों को 15 किलो अनाज के बदले 10 किलो अनाज दिया, मतलब गरीबों से पांच किलो अनाज छीन लिया।

छत्तीसढ़ के युवाओं को रोजगार देने बदले गुमराह करने वाले कांग्रेस की सरकार पर निशाना साधते हुए श्री शाह ने कहा कि **भाजपा ने युवाओं के कौशल उन्नयन का काम किया, तो वहीं भूपेश बघेल की सरकार ने कौशल विकास के नाम पर युवाओं को दुबई भेजकर ऑनलाइन जुए का ट्रेनिंग कराया और करोड़ों रुपये का भ्रष्टाचार किया। मैं छत्तीसगढ़ की जनता से पूछने आया हूं कि वे अपने बच्चों को रोजगार दिलाना चाहते हैं या जुए की लत लगाना चाहते हैं? राज्य की जनता को अपने निजी स्वार्थ के लिए बच्चों को गुमराह करने वाली करने वाली कांग्रेस सरकार नहीं चाहिए। राज्य में भ्रष्टाचार हो रहा है और जांच एजेंसियां कार्रवाई कर रही हैं तो भूपेश बघेल डर क्यों रहे हैं?**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने देश में मनरेगा का 150 दिवस कार्य वाली योजना बनाई। देश में मातृत्व अवकाश देने का प्रावधन किया। पंचायत चुनाव में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण दिया। नगर निकायों के चुनाव में आरक्षण की व्यवस्था की। भाजपा के अलावा किसी पार्टी की सरकार ने गरीबों, कमजोर एवं महिलाओं के हित में इस तरह के कदम नहीं उठाए।

श्री शाह ने कहा कि भा**रतीय जनता पार्टी सरकार ने युवाओं को निःशुल्क लैपटॉप और टैबलेट देना शुरू किया था, मगर भूपेश बघेल की सरकार ने इसमें भी घोटाला कर दिया।** भारतीय जनता पार्टी की सरकार में छत्तीससढ़ एजुकेशन हब, पावर हब, सीमेंट हब, इस्पात हब, एलुमिनियम हब बना। यहां जो भी विकास कार्य हुए, वे सभी काम भारतीय जनता पार्टी की डॉ रमन सिंह की सरकार के दौरान ही हुई। हमारी सरकार के दौरान प्रदेश के आदिवासी अंचल सरगुजा और बस्तर में विश्वविद्यालय खोले गए। सुदूर आदिवासी क्षेत्रों में एजुकेशन पहुंचाने का काम किया। पहले राज्य में केवल दो मेडिकल कॉलेज थे और आज 10 मेडिकल कालेज हैं। मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस की सीटें 100 से बढ़ाकर 1100 कर दी गयी। इंजीनियरिंग कॉलेजों की संख्या 14 से बढ़ाकर 50 हो गयी। प्रदेश में आईटीआई की संख्या 61 से बढ़कर 176 किया गया। डेंटल कॉलेज की संख्या एक से बढ़कर पांच हो गई। मैनेजमेंट पढ़ाई के संस्थान तीन से बढ़कर 18 हुए।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **2004 से 2014 तक केन्द्र में कांग्रेस की सोनिया-मनमोहन सरकार के दौरान 10 वर्षों में छत्तीसगढ़ को टैक्स डिवोल्युशन और ग्रांट इन एड के तहत 77,800 करोड़ रुपये मिले जबकि श्री नरेन्द्र मोदी सरकार के 9 वर्षों में छत्तीसगढ़ को कांग्रेस सरकार की तुलना में चार गुना अधिक लगभग 3,02,429 करोड़ रुपये मिले।**

श्री शाह ने कहा कि **आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व की केन्द्र सरकार में पिछले तीन ही वर्ष में छत्तीसगढ़ के आदिवासी क्षेत्रों में बैंकों की लगभग 1200 बैंक शाखाएं और 5 हजार डाकघर खोले गए हैं। छत्तीसगढ़ में 2,300 नए मोबाइल टावर लगाए गए हैं। 3,045 करोड़ रुपये की लागत से 2000 किमी नयी सड़कों की योजनाओं का अनवरण किया गया है। छत्तीसगढ़ में 33 राष्ट्रीय राजमार्ग की परियोजनाएं शुरू की गयी। रेलवे में 744 किलोमीटर रेल ट्रैक को 2,500 किलोमीटर तक विस्तार किया गया। छत्तीसगढ़ में 42 एकलव्य मॉडल स्कूल खोले गए जबकि कांग्रेस सरकार के दस सालों में एक भी एकलव्य मॉडल स्कूल नहीं बना।** सुदूर क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए एम्स रायपुर के अंदर दूरस्थ सेवाओं की शुरुआत की गई। 500 मेगावाट क्षमता का नवीन ऊर्जा की ओर अग्रसर होने के लिए सोलर पार्क पर काम हो रहा है। आईआईटी भिलाई की भी शुरुआत की है।

सीएम भूपेश बघेल से उनके कार्यों का हिसाब मांगते हुए केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता को कांग्रेस की सरकार का अपने कामों का हिसाब किताब दें। बघेल सरकार ने पंद्रह साल की भाजपा सरकार द्वारा किये गए कार्यों का एक तिहाई

काम भी काम नहीं किया है। **भूपेश बघेल जी भाजपा के एक तिहाई काम का भी एक तिहाई काम किया होता तो कुछ बात होती।** कांग्रेस की सरकार ने उतना भी काम नहीं किया है। कांग्रेस के भ्रष्टाचार पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि **भूपेश बघेल सरकार ने पांच साल में छत्तीसगढ़ को गांधी परिवार का एटीएम बनानेऔर गरीबों के पैसे लूटने का काम किया है, और कुछ नहीं।**

श्री शाह ने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने इस दस साल के अंदर लगभग 38 लाख लाभार्थियों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से लगभग 60 हजार करोड़ रुपए सीधे उनके बैंक एकाउंट में पहुचाये। छत्तीसगढ़ में लाभार्थियों की संख्या कम है। छत्तीसगढ़ में भारातीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद लाभार्थियों की संख्या कम से कम 50 लाख तक पहुंचने की संभावना है क्योंकि कांग्रेस की प्रदेश सरकार यहां काम करने नहीं देती है। मोदी जी जल जीवन मिशन के तहत नल से जल योजना चला रहे हैं परंतु छत्तीसगढ़ की माताओं एवं बहनों को पीने का शुद्ध पानी नहीं मिलता है। इसके लिए कोई जिम्मेदार है तो वह मुख्यमंत्री भूपेश बघेल हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने हर घर मे शुद्ध पेयजल पहुंचाने की योजना बनायी। **मुख्यमंत्री भूपेश बघेल नल से जल पहुंचाने की योजना में अंड़गा लगा रहे हैं।** उनको लगता है कि घरों नल से जल पहुंच गया तो माताएं प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को वोट दे देंगी। **सच्चाई यह है कि भूपेश बघेल जी मुगालते में हैं, ऐसा सोच कर पानी नहीं पहुंचा रहे हैं। पानी नहीं पहुंचने दिया तो इस बार छत्तीसगढ़ माताएं आपको दंडित करेगी।**

केंद्रीय गृह मंत्री ने छत्तीसगढ़ की जनता से वादा किया कि राज्य में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद दो सालों के अंदर प्रदेश के हर घर में पीने का शुद्ध पानी नल से पहुंचाया जाएगा। राज्य में दो करोड़ लाभार्थियों को आयुष्मान भारत योजना का लाभ दिया गया है। इसी तरह 38 लाख परिवारों के माताओं के सम्मान की रक्षा के लिए शौचालय दिया गया। भाजपा की सरकार ने 2 करोड़ लाभार्थियों को प्रति माह प्रति व्यक्ति मुफ्त धान दिया है। उज्जवला योजना के तहत 5 लाख माताओं एवं बहनों को गैस कनेक्शन दिया। 13 हजार करोड़ रुपये की लागत से 11 लाख आवास शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में बनवाए गए।

श्री शाह ने कहा कि **कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार ने अपने लोगों को लूट-खसोट करने एवं अत्याचार करने की खूली छूट दे दी। कलेक्टर का नाम रेवन्यू कलेक्ट करने के लिए था, इन्होंने कलेक्टर के मायने बदल दिया। कांग्रेस की सरकार ने प्रदेश में कलेक्टर को भ्रष्टाचार का पैसा कलेक्ट करने का काम दे दिया।** ऐसी प्रशासनिक व्यवस्था कहीं नहीं देखी है, हर जगह पर लूट-खसोट और अव्यवस्था। इस प्रकार का विकृत शासन छत्तीसगढ़ का विकास कभी नहीं कर सकती है।

कांग्रेस पर चुनावी वादे पूरा नहीं करने का आरोप लगाते हुए केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **मुख्यमंत्री चाटुकारिता में व्यवस्त हैं। उन्हें अपने वादे याद नहीं है, जबकि उन्होंने जनता से 36 बड़े वादे किए थे। उन वादों का क्या हुआ? 36 वादे में से 19 वादे पूरे नहीं हुए। छत्तीसगढ़ की जनता इसका हिसाब मांग रही है। साथ ही, कांग्रेस ने अपने 36 वादों के 316 सब हेड के अंदर किए गए वादों को पूरा नहीं किया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी अपने वादों की सूची एक बार फिर से प्रकाशित करें और बताएं कि उन्होंने कौन-कौन से काम नहीं किए हैं।** भूपेश बघेल जी अपने वादों की सूची प्रकाशित करें या नहीं करे, भारतीय जनता पार्टी ने आरोप पत्र में पूरी सूची को प्रकाशित कर दिया है। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्त्ता और स्वयंसेवी संस्थाएं छत्तीसगढ़ में लोगों के घर-घर जाकर बताएंगे। **कांग्रेस ने कर्ज माफ करने का वादा किया था, किन्तु कर्ज माफ नहीं हुआ। बघेल जी ने सिंचाई की क्षमता दोगुनी करने का वादा किया था लेकिन कुछ नहीं किया। बघेल सरकार ने केन्द्र सरकार द्वारा सिंचाई का रकबा बढ़ाने की योजनाओ को लागू होने नहीं दिया।**

कांग्रेस की भूपेश बघेल पर भाजपा सरकार की जन-कल्याण की योजनाओं को रोकने का आरोप लगाते हुए श्री शाह ने कहा कि **तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने तेंदु पत्ता संग्राहकों के लिए चरण पादुका और सारी वितरण की योजनाएं चालू की थी। भूपेश बघेल की सरकार ने उस योजना को रोक दिया।** इसी तरह **कांग्रेस सरकार ने पिछले चार सालों से तेंदु पत्ता का बोनस देना भी बंद कर दिया है।** भूपेश बघेल बताएं कि तेंदु पत्ता का कौन संग्रहण करता है? छत्तीसगढ़ के गरीब से गरीब आदमी जंगल में नंगे पांव चलकर तेंदु पत्ता संग्रह करता है। भाजपा की सरकार ने ऐसे गरीबों को चरण पादुका दिया था। **भला, उस गरीब आदमी ने आपका क्या बिगाड़ा था कि इस योजना को बंद कर दिया? क्यों बंद कर दिया, इसका जवाब दीजिये?**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार प्रधानमंत्री आवास योजना के 16 लाख आवेदन को रोक कर बैठी है, क्यों? धर्मांतरण विरोधी विधेयक को लागू की मांग को रोक कर रखा है, जबकि खुलेआम आदिवासियों एवं दलितों का धर्मांतरण हो रहा है। कांग्रेस वोट बैंक की लालच में धर्मांतरण नहीं रोक रही है, जबकि भूपेश बघेल ने आदिवासी संस्कृति की रक्षा करने का वादा किया था।** भारतीय जनता पार्टी की सरकार आएगी तो आदिवासी संस्कृति की रक्षा की जाएगी। इसी तरह कां**ग्रेस ने प्रदेश में पूर्ण शराब बंदी का वादा किया था। इसके उलटे भूपेश बघेल की सरकार ने कमीशनखोरी करके 2,161 करोड़ रुपये का घोटाला किया जबकि अभी इसकी पूरी डिटेल भी सामने नहीं आई है।** जो पकड़ा गया और जिसकी रिकवरी हुई है, यह उसकी जानकारी है। सच्चाई यह है कि छत्तीसगढ़ में हजारो करोड़ रुपये का शराब घोटाला हुआ है। **डॉ रमन सिंह सरकार ने 500 और 1,000 वाली आबादी वाले गांव को लेकर शराब बंदी की ओर कदम बढ़ा रहे थे। किंतु कांग्रेस की सरकार ने यहां उलटी गंगा बहा दी और हर जगह शराब पहुंचा दिया क्योंकि, कांग्रेस को शराब से राजस्व मिलता था, जो राजस्व छत्तीसगढ़ की तिजारी में नहीं जाता था, बल्कि गांधी परिवार और भूपेश बघेल की तिजोरी में जाता था।**

भूपेष बघेल के भ्रष्टाचार का एक और पन्ना खोलते हुए श्री शाह ने कहा कि **पीडीएस में प्रति व्यक्ति पांच किलो धान देने की व्यवस्था की गयी, वहीं कैग रिपोर्ट में आया कि इसमें 600 करोड़ रुपये की गड़बड़ी है। जब भाजपा शासन मे आएगी, तो भ्रष्टाचार करने वाले को सजा दिलाई जायेगी। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार भूपेश बघेल सरकार ने लगभग 5,000 करोड़ रुपये का चावल घोटाला किया है। साथ ही, खदान से ढुलाई में 2,000 करोड़ रुपये का घोटाला हुआ। इसमें 25 रुपये प्रति टन कमीशन लेने की व्यवस्था की गयी।** इसी तरह **वन विभाग के टेंडर में 4,000 करोड़ रुपये का घोटाला किया गया। भूपेश बघेल सरकार ने घोटाला करने मे गोईंठा और गोबर को भी नहीं छोड़ा। 1300 करोड़ रुपये का गोईंठा एवं गोबरघोटाला किया। कांग्रेस की सरकार ने आपूर्तिकर्ता के साथ मिलकर गुड़ और चना का घोटाला किया। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने संसद में कहा था कि विपक्ष के नेता गुड़ का गोबर कर रहे हैं। मोदी जी को मालूम नहीं है, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री ने गरीबों के गुड़ और गोबर में घोटाला किया है।**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **छत्तीसगढ़ में ट्रांसफर इंडरस्ट्री सबसे बड़ी इंडस्ट्री बन गई है। भाजपा ने यहां इस्पात इंडस्ट्री, एल्युमिनयम इंडस्ट्री, सीमेंट इंडस्ट्री आदि बनाया तो उन्होंने ट्रांसफर इंडस्ट्री खड़ा कर दिया। इनके यहां पैसा दो और काम करो  इनके नाम में ही 'पे' है, 'पे' यानी दो। दो और करो।** भले आदमी, कभी ट्रांफर इंडस्ट्री नहीं लगाते क्योकि इससे देश का भला नहीं होता है। **शिक्षकों की भर्ती और पोस्टिंग में 20 हजार शिक्षकों लाखों रुपये वसूले गए। निजी कंपनी के फायदे के लिए शिक्षकों को जबरन एक पत्रिका का आजीवन सदस्य बनाया। कोरोना काल में सेस लगाया गया और उसे भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा दिया गया।**

छत्तीसगढ़ में बढ़ते अपराध और बघेल सरकार की कुशासन पर प्रहार करते हुए श्री शाह ने कहा कि **छत्तीसगढ़ में माफिया और अपरधियों को खुली छूट दे दी गयी है और कानून व्यवस्था चरमरा गई है। छत्तीसगढ़ में तेजी से दुष्कर्म के मामले बढ़ रहे हैं। कांग्रेस की सरकार मे महिलाओं के साथ अत्याचार करने वाले पकड़े नहीं जा रहे हैं, क्योंकि यहां पैसा देकर ट्रांसफर-पोस्टिंग हो रही है।** यही नहीं, **लाखों करोड़ रुपये के घोटालों को छिपाने के लिए लाखों करोड़ रुपये का विज्ञापन दिया जा रहा है। भाजपा कार्यालय से यहां आने में 52 बड़े-बड़े होर्डिंग्स दिखे। भूपेश बघेल जी 52 और होर्डिंग्स लगा देंगे, तब भी छत्तीसगढ़ की जनता उनको वोट नहीं देगी। बघेल सरकार में ग्राम सभा का सदस्य बनाकर 132 करोड़ रुपये का घोटाला किया है। कांग्रेस सरकार ने 10 लाख युवाओं को 2,500 रुपये प्रतिमाह बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया था, लेकिन उसमें इस तरह का नियम बनाए कि युवाओं को बेरोजगारी भत्ता नहीं मिल रहा। कांग्रेस की सरकार ने नौकरियों की नीलामी कर युवाओं के साथ न्याय नहीं किया है। 2,500 रुपये की बेरोजगारी भत्ते के लिए छत्तीसगढ़ का युवा आज भी राह देख रहा है। आँगनबाड़ी के 7 हजार रिक्त पदों को भी भरा नहीं गया है।**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **कांग्रेस सरकार ने आउटसोर्सिंग को जड़ से खत्म करने का वादा किया था। इसके उलट कांग्रेस की बघेल सरकार ने आउटसोर्सिंग को बढ़ा दिया। कानून व्यवस्था की हालात यह है कि छत्तीसढ़ नशे का गढ़ बन गया है। चिट फंड कंपनी पर कार्रवाई करने से भूपेश बघेल सरकार डर रही है। 22 हजार स्वयं स्हायता समूह की महिलाओं की रोजी रोटी छीनकर प्राइवेट कंपनी को काम सौंप दिया गया। भूपेश बघेल सरकार ने भ्रष्टाचार का सारे रिकार्ड तोड़ दिया है। छत्तीसगढ़ सबसे कम आबादी वाले राज्यों में है जबकि भ्रष्टाचार एवं महिला उत्पीड़न के आरोपों मे बड़े राज्यों से भी ज्यादा है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसारभ्रष्टाचार का का आधा पैसा दिल्ली पहुंच रहा है जबकि आधा पैसा भूपेश बघेल की भ्रष्टाचारी सरकार रखती है।**

श्री शाह ने कहा कि भूपेश बघेल सरकार ने दलितों, गरीबों, अनुसूचित जाति एवं आदिवासी युवाओं के लिए किए गए किसी भी वादे को पूरा नहीं किया है। **कांग्रेस की न नीति साफ है, न नीयत साफ है और न काम करने का तरीका ही साफ़ है। पांखडी भूपेश बघेल सरकार सिर्फ दिखावा कर रही है।** आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी ने एक अच्छी और जनकल्याण एवं विकास करने वाली सरकार दी। छत्तीसगढ़ में एक बार फिर से कमल खिलाइए, डबल इंजन की सरकार से छत्तीसढ़ का विकास होगा। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने देश के विकास के निए निरंतर काम किए हैं। 2014 में देश दुनिया की अर्थव्यवस्था में दसवें नम्बर था और आज आज पांचवें नम्बर पर पहुंच गया है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत कुछ ही सालों में तीसरे नम्बर की अर्थव्यवस्था बन जाएगा। हमारा चंद्रयान मिशन पूर्ण रूप से सफल रहा है और आज आदित्य एल-1 की लॉन्चिंग भी सफल हुई। आने वाले समय में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में और भी ढेर सारे विकास के काम होंगे।

*************************